आकाशवाणी शिमला

19.03.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

मुख्य समाचार

- विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 40 हजार 4 सौ 61 करोड़ 95 लाख रूपए का अनुपूरक बजट पारित।
- अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विपक्ष ने सदन में किया हंगामा–सरकार पर आंकड़े छुपाने और झूठ बोलने का लगाया आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–अगले 6 महीनों में बिना डॉक्टरों के नहीं रहेगी कोई पी.एच.सी–मल्टी टास्क वर्करों के लिए नीति बनाएगी सरकार।
- चैत्र नवरात्र और हिन्दू नववर्ष आज से शुरू–शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

और

- पश्चिमी विक्षोभी की सक्रियता से ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी।

............

अनुपूरक बजट

प्रदेश विधानसभा ने आज वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 40 हजार 4 सौ 61 करोड़ 95 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पारित कर दिया है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में वर्ष 2025–26 के लिए यह अनुपूरक बजट पेश किया। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक, 2026 पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन द्वारा पारित अनुपूरक बजट में 36 हजार 3 सौ 74 करोड़ 61 लाख रुपये राज्य स्कीमों के लिए और 4 हजार 87 करोड़ 34 लाख रुपये केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के लिए रखा गया है। राज्य स्कीमों के अंतर्गत 26 हजार एक सौ 94 करोड़ 95 लाख रुपये वेज एंड मिनस और ओवरड्राफट के लिए रखे गए हैं, जबकि 4 हजार एक सौ 50 करोड़ 14 लाख रुपये विद्युत उत्पादन और बिजली बोर्ड को उदय योजना के तहत उपलब्ध करवाए गए ऋण को इक्विटी में बदलने के लिए रखे गए हैं। इस बीच  अनुपूरक बजट पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कई बड़े प्रोजेक्ट पर धन लगाया है और नए प्रोजेक्ट को 30 फ़ीसदी धन के साथ ही शुरू किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर बिना बजट के संस्थानों का शिलान्यास करने का आरोप लगाया।

हंगामा

इस बीच प्रदेश विधानसभा में आज राज्य का वर्ष 2025–26 का अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विपक्ष ने सदन में सरकार पर आंकड़े छुपाने और झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा किया।

*सदन में भोजन अवकाश के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष को अनुपूरक बजट के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए गए, क्योंकि सरकार आंकड़े छुपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का आज पारित अनुपूरक बजट राज्य के वर्ष 2025–26 के आम बजट के लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो हैरानीजनक है।नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से सवाल किया कि इतने बड़े अनुपूरक बजट को छुपाने की क्या वजह है। उन्होंने कहा कि यदि अनुपूरक बजट में दर्शाई गई पूरी राशि प्रदेश में खर्च हुई है, तो सरकार स्पष्ट करे कि यह पैसा कहां खर्च हुआ, जबकि स्थिति यह है कि सरकार के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए भी पैसे नहीं हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के हंगामे के बाद कहा कि "वेज एंड मीन्स" के कारण अनुपूरक बजट का आंकड़ा बढ़ा है। अन्यथा राज्य का वास्तविक बजट उतना नहीं है, जितना विपक्ष प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेज एंड मीन्स के तहत सरकार अल्पकालिक ऋण लेती है और उसे शीघ्र लौटा देती है। इस मद के तहत ब्याज दर लगभग 5 दशमलव पांच प्रतिशत होती है, जबकि ओवरड्राफ्ट की स्थिति में यह ब्याज दर करीब साढ़े 10 प्रतिशत तक पहुंच जाती है।उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अनुपूरक बजट के मामले में विपक्ष से बड़ी चूक हुई है, जिसे उसे स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि जब अनुपूरक बजट पेश और पारित हो रहा था, तब विपक्ष कहां था। उनका आरोप था कि विपक्ष ने न तो बजट को पढ़ा और न ही उसकी प्रति सरकार या विधानसभा सचिवालय से मांगी।विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्पष्ट किया कि अनुपूरक बजट पारित होने से पहले विपक्ष को चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन किसी भी सदस्य ने उसमें भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की सभी आपत्तियों को खारिज किए जाने की व्यवस्था भी दी। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार, शिमला।*

विधानसभा प्रदर्शन

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दल भाजपा ने अवैध वन कटान पर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और वन व खनन माफिया को संरक्षण देने के आरोप लगाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिलाई व धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से काटे गए सैंकड़ों पेड़ों का जिक्र किया।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि प्रदेश में अगले छह महीने में कोई भी पीएचसी बिना डाक्टरों के नहीं रहेगी। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक राकेश जम्वाल के मूल प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने एक सौ 62 डाक्टरों की भर्ती कर ली है जबकि 2 सौ 36 डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों के 2 हजार 3 सौ 37 और विशेषज्ञ चिकित्सकों के 6 सौ 83 पद स्वीकृत है। इस में से चिकित्सकों के 2 हजार एक सौ 59 पद और विशेषज्ञ चिकित्सकों के 4 सौ 47 पद भरे हुए हैं।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों के लिए सरकार कानूनी राय लेने के बाद नीति बनाएगी। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के मूल प्रश्न के उत्तर में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने ये बात कही। इससे पहले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मल्टी टास्क वर्करों के लिए नीति पूर्व सरकार के समय में बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि पहले इन कर्मचारियों को 4 हजार मानदेय दिया जाता था और अभी 5 हजार 5 सौ रुपए मानदेय दिया जा रहा है।

<u>चर्चा</u>

प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर लाए गए धन्यावाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। विधायक रणधीर शर्मा ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में न ही कांग्रेस की गारंटियों का जिक्र है और न ही व्यवस्था परिवर्तन का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन गारंटियों के सहारे सत्ता में आई थी अब उन्हीं गारंटियों के कारण सत्ता से बाहर भी जाएगी। रणधीर शर्मा ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि जो सरकार स्थाई मुख्य सचिव और डीजीपी नहीं लगा सकती उस सरकार में कानून व्यवस्था की हालत का स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है। विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की कार्यप्रणाली का आइना होता है लेकिन उन्होंने 2 मिनट में ही अपना अभिभाषण खत्म कर दिया। चर्चा में विधायक हंसराज, मोहनलाल ब्राक्टा, विनोद सुल्तानपुरी, हरदीप सिंह बाबा, बलबीर वर्मा, डॉक्टर जनक राज, लोकेंद्र कुमार, केवल पठानिया और विवेक शर्मा ने भी हिस्सा लिया।

<u>नवरात्र</u>

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। आज ही हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो गया है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की गई। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

<u>मौसम</u>

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात और निचले व मैदानी इलाकों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। भारी बर्फबारी और खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए लाहौल स्पीति प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अटल टनल रोहतांग से आवाजाही बंद कर दी है। इसी तरह जलोड़ी दर्रा भी सोझा से आगे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। जनजातीय जिलों में वर्षा और बर्फबारी से कई अंदरूनी सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र

शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात व निचले क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने, वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

निधन

कांगड़ा जिला के पालमपुर क्षेत्र से पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी पी.सी. कटोच का कल शाम निधन हो गया और आज उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे 80 वर्ष के थे। पी.सी. कटोच शिमला के उपायुक्त के अलावा लोक सम्पर्क विभाग में निदेशक के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। वे एक साहित्यकार भी थे और उन्होंने कालखण्ड महाकाव्य भी लिखा है।

.......